>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Sambhalpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (सम्भल): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र "संभल " में लगभग 2 साल पहले सैन्ट्रल स्कूल मंजूर हुआ था लेकिन आज तक भी इस स्कूल से मुताल्लिक कोई कार्यवाही सरकार ने न करके इसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया है। सम्भल जिला मुरादाबाद का एक बड़ा औद्योगिक शहर है और हैन्डीक्राफ्ट का बड़ा सेन्टर है। यहां पर एक सैन्ट्रल स्कूल खोले जाने की मांग यहां की जनता सालों से करती आ रही है। वैसे भी सम्भल एक बड़ा अल्पसंख्यक लोक सभा क्षेत्र है। यहां सैन्ट्रल स्कूल का खोला जाना बेहद जरूरी है।

आपसे गुजारिश है कि आप मेरे सम्भल लोक सभा क्षेत्र में 2 साल पहले मंजूर हुए सैन्ट्रल स्कूल को जल्द से जल्द खुलवाने की मेहरबानी करें।